# 15वें सी0आर0एम0 विजिट पूर्व की भ्रमण आख्या

## जनपद–महराजगंज

**भ्रमण अवधि– दिनांक 28.10.2022 से 02.11.2022**

**राज्य स्तरीय टीम**

1. श्री मनीष कुमार सोनी, सलाहकार, परिवार नियोजन।
2. श्री मो0 काशिफ स्टेट मैनेजर, एफ0पी0एल0एम0आई0एस0।
3. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन।

**भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयॉ–**

1. **जनपद मुख्यालय–** जिला संयुक्त चिकित्सालय व नगरीय प्रा0स्वा0के0 इन्द्रानगर।
2. **ब्लाक फरेन्दा–** सी0एच0सी0, व नवीन प्रा0स्वा0के0 लोकविद्यापीठ नगर।
3. **ब्लाक मिठौरा–** सी0एच0सी0, ।
4. **ब्लाक घुघली–** सी0एच0सी0, प्रा0स्वा0के0 खुशहाल नगर, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर अहिरौली बियारा।
5. **ब्लाक लक्ष्मीपुर–** सी0एच0सी0, नवीन प्रा0स्वा0के0 पुरन्दरपुर।
6. **ब्लाक बृजमनगंज–** सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 फुलनहा तथा ब्लाक पी0एच0सी0 बहादुरी।
7. **ब्लाक रतनपुर–** सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 नौतनवा, आर0एम0सी0 नौतनवा, पी0एच0सी0 बाबूपैसिया, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर खौरिया व देवरघट्टी।
8. **ब्लाक सिसवॉ–** सी0एच0सी0,
9. **ब्लाक सदर–** उपकेन्द्र पिपरा रसूलपुर,
10. **ब्लाक निचलौल–** सी0एच0सी0,

## मुख्य बिन्दु व किये गये सहयोत्मक कार्य

जनपद में भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों के अवलोकन बिन्दु व सुधारात्मक कार्य निम्न हैं–

- परिवार नियोजन सम्बन्धी शासनादेश, विभिन्न प्रपत्रों की कापी व परिवार नियोजन के स्टैण्डर्ड मैनुअल्स, डैप बुकलेट, आदि का फाईल तैयार कराकर भ्रमण की गई सम्बन्धित चिकित्सा इकाईयों पर रखवाये गये तथा मौजूद सम्बन्धित स्टाफ का क्षमतावर्द्धन भी किया गया।
- परिवार नियोजन, सुरक्षित गर्भपात सेवाओं व पी0सी0पी0एन0डी0टी0 सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले नहीं थी। जनपद स्तर से केन्द्रीयकृत आई0ई0सी0 प्राप्त कर भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों पर यथास्थान डिस्प्ले कराया गया तथा जहॉ वाल पेन्टिंग कार्य चल रहा था वहॉ का सेट बनाकर सम्बन्धित स्टाफ को डिस्प्ले कराने की जिम्मेदारी दी गई। दीवार लेखन कराई जाने वाली आई0ई0सी0 सामग्री पेन्टर को उपलब्ध कराया गया तथा दीवारों पर पेन्ट करने का निर्देश दिया गया।
- जिन चिकित्सा इकाईयों पर परिवार नियोजन परामर्शदाता नियुक्त है, वहॉ परिवार नियोजन कक्ष स्थापित हैं, शेष भ्रमण की गई इकाईयों पर परिवार नियोजन कक्ष/परिवार नियोजन कार्नर स्थापित कराये गये जहॉ काउन्सलिंग सेवा, बास्केट आफ च्वाइसेज की स्थापना व परिवार नियोजन सम्बन्धी समस्त रिकार्ड व गर्भनिरोधक सामग्रियॉ रखवाये गये। जनपद में भ्रमण की गई उपकेन्द्र स्तर तक की चिकित्सा इकाईयों पर गर्भनिरोधक सामग्रियॉ बास्केट आदि में उपलब्ध करायी गयीं।
- भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों में से कुछ इकाईयों पर पी0पी0आई0यू0सी0डी0 तथा आई0यू0सी0डी0 इनसर्शन कक्ष तथा उपकरणों के ट्रे व्यवस्थित कराये गये तथा शेष इकाईयों के सम्बन्धित स्टाफ को मानकानुसार करने हेतु समय सीमा निर्धारित करते हुए निर्देश दिये गये।
- भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों पर **रिकार्ड कीपिंग** ठीक से नहीं की जा रही है। अन्तरा, पी0पी0आई0यू0सी0डी0 तथा आई0यू0सी0डी0 इनसर्शन, फॉलोअप, पोस्ट आपरेटिव कार्डस आदि का संधारण सही प्रकार से नहीं किया जा रहा है तथा समस्त सूचनायें भी नहीं भरी जा रही हैं। इसी प्रकार नसबन्दी की सेवायें प्राप्त लाभार्थियों के प्रमाणपत्र का वितरण नहीं किया गया था तथा रिकार्ड भी सही

तरीके से नहीं भरवाये गये थे। सर्जन, चिकित्साधिकारी तथा लिपिक के हस्ताक्षर भी नहीं कराये जा रहे हैं। कुछ रिकार्ड सही करवाये गये तथा लाभार्थियों का प्रमाणपत्र वितरित कराया गया। अन्तरा इन्जेक्शन कार्ड की फाइलिंग सही करायी गयी। शेष कार्य पूर्ण किये जाने हेतु सम्बन्धित कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई। काउन्सलिंग रजिस्टर्स में भी अपूर्ण सूचनायें भरी जा रही हैं।

- भ्रमण के दौरान जानकारियॉ प्रदान कर रिकार्ड ठीक करने व समस्त सूचनाओं को अंकित करने सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई एवं सम्बन्धित कर्मियों के रिकार्ड अपडेट कराये गये।
- जिला संयुक्त चिकित्सालय व सामु0 स्वा0केन्द्र बृजमनगंज की परिवार नियोजन काउन्सलर्स द्वारा की जा रही प्रतिदिन की काउन्सलिंग कम पायी गयी। काउन्सलिंग बढ़ाने हेतु सामु0 स्वा0केन्द्र बृजमनगंज के चिकित्सा अधीक्षक से काउन्सलर कक्ष ओ0पी0डी0 के नजदीक स्थापित कराने तथा पंजीकरण काउन्टर से लक्ष्य दम्पत्तियों को काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन काउन्सलर के पास भेजे जाने का सुझाव दिया गया तथा जिला संयुक्त चिकित्सालय के परिवार नियोजन काउन्सलर को वार्ड व काउन्सलिंग कक्ष के सामने ओ0पी0डी0 के वेटिंग एरिया में काफी संख्या में उपस्थित महिलाओं की काउन्सलिंग कर काउन्सलिग बढ़ाने का सुझाव दिया गया।
- आशाओं, आशा संगिनियों, ए0एन0एम0 व सी0एच0ओ0 के जनपद व सम्बन्धित इकाइयों के बैठक में प्रतिभाग कर कण्डोम बाक्स, परिवार नियोजन सम्बन्धी प्रचार प्रसार सामग्रियों का डिस्प्ले, रिकार्ड कीपिंग, योजनाओं की जानकारी व पर्याप्त मात्रा में गर्भनिरोधक सामग्रियों की एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के माध्यम से उपलब्धता सुनिश्चित कराने का सुझाव दिया गया। एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पर सम्बन्धित कर्मियों व आशाओं को अभिमुखीकृत करते हुए गर्भनिरोधक सामग्रियों के इण्डेण्ट, इश्यू व खारिज आदि करने सम्बन्धी जानकारियॉ दी गयीं। इस सम्बन्ध में पर्याप्त मात्रा में गर्भ निरोधक सामग्रियॉ उपलब्ध कराने का आश्वासन सम्बन्धित चिकित्साधिकारियों द्वारा दिया गया।
- लाभार्थी, प्रेरक एवं आशाओं के परिवार नियोजन सम्बन्धी विभिन्न मदों के भौतिक एवं वित्तीय रिकार्ड का मिलान कराया गया तथा पेण्डिंग भुगतान कराने सम्बन्धी सुझाव दिये गये। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आहुत जनपद स्तरीय बैठक में भी अवगत कराया गया।
- जनपद में भ्रमण की गई उपकेन्द्र स्तर तक की चिकित्सा इकाईयों पर कण्डोम बाक्सेज लगवाये गये तथा नियमित भरे जाने का रिकार्ड भी अपडेट कराया गया एवं नियमित रुप से गर्भनिरोधक सामग्रियॉ व रिकार्ड भरे जाने का सुझाव दिया गया।
- भ्रमण की गई इकाईयों के फार्मेसी में एक्सपायरी रजिस्टर, फर्स्ट एक्सपायरी फर्स्ट आउट के प्रोटोकाल फॉलो करते हुए रैक आदि में सामग्रियों को रखवाया गया तथा लेबलिंग करने का सुझाव दिया गया। एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल पर भी जानकारियॉ अपडेट की गईं।
- जनपद स्तर से परिवार नियोजन के प्रिण्टेड रजिस्टर व कार्डस आदि सम्बन्धित चिकित्सा इकाईयो पर आवश्यकतानुसार भेजवाये गये सम्बन्धित सहयोगियो को ससमय भरवाने में सहयोग दिया गया।
- जनपद में भ्रमण की गई उपकेन्द्र स्तर तक की चिकित्सा इकाईयों पर पोस्टर आदि लगवाकर व्यवस्थित कराया गया।
- आशा डायरी व ए0एन0एम0 के आर0सी0एच0 रजिस्टर में लक्ष्य दम्पत्ति का रिकार्ड अपडेट नहीं पाया गया। ब्लाक पर आशाओं को बुलाकर अपडेट करवाने का सुझाव दिया गया।

**नोटः–** भ्रमण दल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित डिब्रीफिंग बैठक में भी उपरोक्त बिन्दुओं से अवगत कराया गया।

| | | |
|---|---|---|
| (अखिलेश श्रीवास्तव) | (मो0 काशिफ) | 14/11/2022 (मनीष कुमार सोनी) |
| कार्यक्रम समन्वयक, प0 नि0 | स्टेट मैनेजर, एफ0पी0एल0एम0 | सलाहकार, प0 नि0 |